## सार-समाचार

### जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भरतपुर,** (निसं)। पैट्रोल पम्पों पर आमजन के लिए सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर ग्राहक पंचायत ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जयपुर प्रान्त के प्रान्तीय सह संगठन मंत्री घनश्याम के निर्देशन एवं जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा के नेतृत्व में आज पैट्रोल पम्पों पर आमजन के लिए सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर ग्राहक पंचायत की ओर से जिला कलक्टर भरतपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ग्राहक पंचायत की ओर से यह मांग की गई कि पैट्रोलियम और प्राकृतिक नियामक से प्राप्त लाइसेंस के अनुसार आमजन के लिए उपलब्ध होने वाली सुविधाओं को बहाल करवाया जावे। ज्ञापन में बताया गया है कि पेट्रोल पंपों पर हवा भरने, पीने के पानी, शौचालय, फोन कॉल, फर्स्ट एड, फायर सेफ्टी, शिकायत बॉक्स, ओपनिंग क्लोजिंग टाइम, मालिक और पेट्रोलियम कंपनी जानकारी, क्रेडिट कार्ड से भुगतान आदि सुविधाएं आमजन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। ज्ञापन के माध्यम से जिला कलक्टर से सभी पेट्रोल पंप पर आमजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच करवाने की मांग भी की गई। इसके उपरांत उक्त सभी समस्याओं को लेकर जिला रसद अधिकारी को भी अवगत कराते हुए पेट्रोल पंप पर आमजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच करने की मांग की एवं उपरोक्त सुविधाओं को बहाल करवाने का आठाह किया गया। ज्ञापन देने वालों में ठााहक पंचायत की सक्रिय कार्यकर्ता राजकुमारी शर्मा, संगठन के शहर अध्यक्ष विपुल, एडवोकेट शुभनेश पाराषर, विधि आयाम प्रमुख एडवोकेट उत्तम शर्मा, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ऋषिपाल, फ्यूचर पॉइंट एकेडमी के निदेशक पवन पाराषर, प्रमुख व्यवसायी सुरेश शर्मा, पर्यावरण आयाम प्रमुख यशु पाराशर, भीम सिंह अध्यापक, यज्ञ सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हत्या का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**टोड़ाभीम,** (निसं)। बालघाट थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी में हुए ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपाधीक्षक मुरारीलाल मीना के निर्देशन में थाना बालघाट, नादौती, टोडाभीम और गढ़मौरा के थानाधिकारियों की टीमें बनाई गईं। बालघाट थानाधिकारी कमलेश मीना को संदिग्धों की धरपकड़ के निर्देश दिए गए। वृत्ताधिकारी मुरारीलाल मीना ने नादौती थानाधिकारी वीरसिंह गुर्जर और टीम के साथ मिलकर साक्ष्य जुटाए। सभी थानों के अधिकारियों ने संदिग्धों से गहन पूछताछ की गई।गांव गढ़ी निवासी समय मीना ने रिपोर्ट में बताया कि 11 मई को उसका भाई नरेश मीना को दिलकेश मीना निवासी मीनापुरा शादी में ले जाने के बहाने घर से ले गया था। अगली सुबह करीब 5 बजे नरेश मीना पुत्र भरतलाल ने आवाज लगाई कि नरेश मीना घर के पीछे पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे। उस समय नरेश की सांस चल रही थी। उसे सरकारी अस्पताल टोडाभीम ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।पुलिस ने मर्ग एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी थानों को खुलासे का टास्क दिया गया। बालघाट थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने संदिग्धों से पूछताछ की। घटनास्थल और आरोपियों के घरों से साक्ष्य जुटाए गए।पूछताछ में नरेश पुत्र भरतलाल उम्र 35 साल, शेरसिंह पुत्र भरतलाल उम्र 32 साल और शिवराम मीना पुत्र नौरंग उम्र 50 साल निवासी गढ़ी थाना बालघाट के नाम सामने आए। नरेश और शिवराम व शेरसिंह को गिरफ्तार किया गया। मामले में जांच जारी है।

### चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

**करौली,** (निसं)। सूरौठ नगरपालिका के उपाध्यक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पे'ाकर प्रशासन और राज्य सरकार की मनमानी के चलते चुनाव बहिष्कार करने चेतावनी दी। सूरौठ नगरपालिका के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर सैनी ने सौपे ज्ञापन मे खुलासा करते हुए बताया कि करौली जिले कि तहसील मुख्यालय सूरौठ जहाँ की वर्ष 2011 की जनसँख्या 13780 और वर्तमान में 25000 से अधिक हैं इसके अधीन करीब 20 ग्राम पंचायत पुरानी एवं 4 ठााम पंचायत नव गठित आती हैं सूरौठ समस्त ग्राम पंचायतो का केंद्र हैं एवं समस्त प्रशासनिक कार्यालय एवं जन सुविधा के केंद्र यहाँ स्थित हैं उसके बाबजूद राजनैतिक लालसा को पूर्ण करने हेतु तहसील मुख्यालय के अधीन 4500 जनसंख्या वाली ठााम पंचायत शेरपुर को पंचायत समिति बनाने का प्रस्ताव जिला कलेक्टर द्वारा भेजा गया जो तहसील मुख्यालय के अंतर्गत आने वाली समस्त ठााम पंचायतो के आमजन के साथ खिलवाड़ हैं उन्होने बताया कि अगर शेरपुर को पंचायत समिति का दर्जा देकर आमजन के साथ खिलवाड़ किया गया तो मजबूरन तहसील मुख्यालय के अधीन आने वाली करीब 13 पंचायत और श्री महावीर जी के अंतर्गत आने वाली करीब 4 पंचायत आने वाले समय में विधान सभा, पंचायत चुनाव,नगर निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगी क्योकि केवल एक राजनैतिक लालसा की पूर्ति हेतु प्रशासन और सरकार दोनों आमजन के साथ खिलवाड़ कर आमजन को राजनैतिक और प्रशासनिक नुकसान पहुंचाना चाह रहे हैं। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से मांग कि है की राज्य सरकार और प्रशासन द्वारा गलत तरीके से बनाई जा रही शेरपुर पंचायत समिति को रुकबाने का कष्ट करे जिससे आमजन को चुनाव का बहिष्कार करने के लिए मजबूर ना होना पड़े

# 'विशेष कार्य योजना बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें'

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर स्वास्थ्य भवन सभागार में परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्च 2025 तक की प्रगति की समीक्षा पीसीटीएस सॉफ्टवेयर, ओजस्व सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई। इसमें परिवार कल्याण के विभिन्न घटक जैसे नसबंदी, पीपीआईयूसीडी, अंतरा, ओरल पिल्स, निरोध, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम एवं एफपीएलएमआईएस की समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने की। इस अवसर पर एडिशनल सीएमएचओ डॉ. बी.एल. मीणा ने निर्देश दिए कि जिन ब्लॉकों की प्रगति लक्ष्यों के सापेक्ष कम है, वहाँ के खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगामी वित्तीय वर्ष हेतु विशेष कार्य योजना बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें।उन्होंने सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में ब्लॉक स्तरीय एवं सैक्टर स्तरीय बैठकों में कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करें तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मीकांत शर्मा एवं संगणक निर्भय गोयल ने प्रगति रिपोर्ट में पाई गई कमियों को दूर करने के सुझाव दिए। आईपास संस्था द्वारा अंतराल साधनों की आपूर्ति अनमेट नीड के अनुसार करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस बैठक में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम भारती, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. मुकेश, डीपीएम बीएचएस, बीएनओ, नवीन पदस्थापन संगणक, मोहित शर्मा, बंटी आदि उपस्थित रहे।



भरतपुर स्वास्थ्य भवन सभागार में परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

# पंखों का वितरण किया

**कुम्हेर/भरतपुर,** (निसं)। कुम्हेर क्षेत्र के 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए समाजसेवी एवं दानदाता सीताराम गुप्ता द्वारा प्रदत्त पंखों का वितरण बुधवार को कुम्हेर की उप जिला कलेक्टर श्रेष्ठा श्री ने किया। ये पंखे कुम्हेर क्षेत्र की उन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लगाए जाएंगे, जहां अब तक पंखों की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

इस अवसर पर उप जिला कलेक्टर श्रेष्ठा श्री ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सहयोगात्मक कार्यों से आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने अन्य समाजसेवियों से भी अपील की कि वे आगे आकर जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं एवं पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं तथा पूर्व-प्राथमिक शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की जाती हैं। ऐसे में मूलभूत सुविधाएं जैसे पंखे, स्वच्छ पेयजल, उचित बैठने की व्यवस्था आदि केंद्रों पर उपलब्ध कराए जाने से सेवाओं में आशातीत वृद्धि होगी तथा लाभार्थियों को अधिक सुविधा प्राप्त होगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक अर्चना पिप्पल ने जानकारी दी कि कुम्हेर क्षेत्र में कुल 192 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हो रहे हैं, जिनमें से 50 केन्द्रों पर पंखों की व्यवस्था नहीं थी। सीताराम गुप्ता द्वारा प्रदत्त इन पंखों के माध्यम से अब सभी केन्द्रों पर पंखों की सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने यह भी बताया कि कुम्हेर क्षेत्र के 66 आंगनबाड़ी केन्द्रों को वेदांता समूह द्वारा एवं 10 केन्द्रों को समृद्ध ग्राम्य विकास अभियान संस्था द्वारा 'आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्रों' के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ-साथ पाँच वर्ष तक के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा, नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण आहार एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पंखों की सुविधा से इन केंद्रों पर आने वाले बच्चों व कार्मिकों को गर्मी से राहत मिलेगी।




50 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए समाजसेवी सीताराम गुप्ता द्वारा प्रदत्त पंखों का वितरण कुम्हेर की उपजिला कलेक्टर श्रेष्ठा श्री ने किया।

## पायल अग्रवाल को दी विदाई

**करौली,** (निसं)। आरजेएस में चयनित पायल अग्रवाल को सीएमएचओ कार्यालय से स्टाफ द्वारा विदाई दी गई।

हाल ही पायल को जोधपुर स्थित एकेडमी में ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है। पायल को बधाई दौरान कार्यालय में जहां एक और खुशी का माहौल था वहीं दूसरी ओर महिला कार्मिकों की आंखें नम हो गई। पायल उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय परिवार कल्याण में जेएलओ के पद पर कार्यरत रही और इन्होंने लगभग 1 वर्ष पहले ही जेएलओ के पद पर कार्यालय में नियुक्त हुई थी।डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने पायल का साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया और पायल को शुभकामनाएं प्रेषित की। डीपीओ आशुतोष पांडे ने पायल को पद की गरिमा और आध्यात्मिक की कसौटी के अनुसार कार्य की बात रखते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। एएसओ हजारीलाल ने कविता के माध्यम से बधाई को संबोधित किया। आरजेएस पायल को डीपीसी नगीना शर्मा, एएओ लक्ष्मी जोरवाल, अर्चना महावर,नीलम शर्मा,सीमा सैन ने माला और स्मृति चिन्ह भेटकर बधाई दी।

## गायत्री यज्ञ

**करौली,** (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चलाए जा रहे गृहे गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के अन्तर्गत बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर एवं जूम ऐप द्वारा आनलाइन माध्यम से सैकड़ों घरों में गायत्री यज्ञ सम्पन्न कराया गया।

गायत्री परिवार के प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि मनोबल एवं आत्मबल की वृद्धि हेतु आयोजित विशेष वैशाख मासीय आनलाइन साधना अनुष्ठान के समापन पर गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा सभी की सद्बुद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नवयुग सृजन की गतिविधियों को तीव्र करने के लिए यज्ञ में गायत्री महामंत्र व महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां समर्पित की गईं।शक्तिपीठ पर महिला मण्डल की रेखा वर्मा द्वारा यज्ञ कार्य का संचालन किया गया। राजेन्द्र दीवान ने भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, बोध एवं महापरिनिर्वाण की पावन तिथि बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 17 मई को

■ विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर विविध गतिविधियां की जाएंगी आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और एक माह तक जागरूकता कैम्पेन चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर ने बताया कि 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाएगा। वर्तमान में विश्व में असामयिक मृत्यु का एक कारण हृदय रोग व उच्च रक्तचाप भी है। स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप से होने वाली मृत्यु को काफी कम किया जा सकता हैं। उच्च रक्तचाप के बारे में आमजन को जारूगरूक करने के लिए सभी के लिए कार्डियोवास्कुलर हैल्थ फॉर एवरी वन थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ असित श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 17 मई से 16 जून तक हाइपरटेंशन दिवस से संबंधित जागरूकता कैम्पेन चलाया जाएगा। इसके तहत कैम्प का आयोजन कर स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैम्पेन के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 जिलों को केन्द्र सरकार तथा पांच जिलों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक आईईसी राममोहन जांगिड़ ने बताया की जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सीएचसी के एनसीडी क्लिनिक पर एक माह तक विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। इसके तहत साइकिल रैली, मैराथन जागरूकता रैली, वॉल पेंटिंग, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कैम्प, क्विज, सेमीनार, शॉर्ट फिल्म, टॉक शो, स्लोगन लेखन, नुक्कड़ नाटक, ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता स्क्रीनिंग शिविर, वैबिनार, ट्रेनिंग आदि का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के अनुसार नंबर दिए जाएंगे और इन्ही नंबरों के आधार पर राज्य व केन्द्र स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले जिलों का चयन किया जाएगा।

# भुसावर के प्रसिद्ध अचार उद्योगों का भ्रमण कराया




कृषि महाविद्यालय भुसावर के विद्यार्थियों को भुसावर के प्रसिद्ध अचार उद्योगों का भ्रमण कराया गया।


**भरतपुर,** (निस)। ग्रामीण उद्यामिता कृषि विकास योजना के तहत विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु कृषि महाविद्यालय भुसावर के विद्यार्थियों को भुसावर के प्रसिद्ध अचार उद्योगों का भ्रमण कराया गया।

महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि भुसावर सम्पूर्ण भारत में अचार उद्योग एवं गुणवत्तापूर्ण अचार के लिए जाना जाता है। जैसे आगरा पेठे के लिए प्रसिद्ध है, वैसे ही भुसावर अचार के लिए जाना जाता है। अतः भुसावर के अचार को जी आई टैग मिलना चाहिए। जी आई टैग मिलने से भुसावर के अचार को पहचान मिलेगी, फलस्वरूप अचार ज्यादा कीमत पर बिकना शुरू होगा। इससे भुसावर में अचार उद्योग के विकास में सहायता मिलेगी। स्थानीय स्तर पर पैसे की आवक बढ़ने से भुसावर का विकास होगा तथा रोजगार के अवसर बढेगें। डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि भुसावर क्षेत्र मे आम, नीबू, लिसोडा आदि का उत्पादन होने से अचार के लिए कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय स्तर पर हो जाती है। इसलिए भुसावर के अचार उद्योग को बढ़ावा देने की जरूरत है। इससे स्थानीय व्यापारी एवं किसान दोनों को लाभ होगा । विद्याथियों के भ्रमण मे भानुप्रिया पंकज, राहुल मीणा, गीता गवारिया व प्रेम कुमारी वर्मा शामिल रहे। भानुप्रिया पंकज ने बताया कि भुसावर के अचार निर्माता अचार बनाने की आधुनिक तकनीक का प्रयोग नही कर रहे है। अचार बनाने का ज्यादातर काम श्रमिकों द्वारा किया जाता है, जो कि मंहगा पड़ता है।

# मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने देवेंद्र सिंह चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**डीग/भरतपुर,** (निस)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म बुधवार को वनकर्मी देवेंद्र सिंह चौधरी के पैतृक गांव नरायना कटता पहुंचे। उन्होंने वहां पहुंचकर शोकसभा में भाग लिया एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल मौजूद रहे। कौशल ने कहा कि स्वर्गीय रेंजर के परिवारजनों को कागज़ी कार्रवाई में जिला प्रशासन की तरफ से पूरा सहयोग किया जाएगा।

मुख्यमंत्रीभजनलाल शर्मा के निर्देशन में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म रेंजर के घर पहुंचे। उन्होंने रेंजर देवेंद्र चौधरी के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है। साथ ही राज्य सरकार के स्तर पर होने वाली हर संभव मदद करने का परिवारजनों को आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रेंजर देवेंद्र द्वारा वन विभाग में किए गए कार्यों के लिए जितना सम्मान संभव है उसे दिलाने की पूरी कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ दिवस पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दूरभाष से यह दुखद एवं चिंताजनक समाचार दिया। इस विषय पर काफी समय तक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री की देवेंद्र के परिवार के प्रति पूरी संवेदनशीलता है एवं परिवार को हर मुमकिन मदद देने की बात कही गई है। सवाईमाधोपुर के रणथंभौर में एक टाइगर के हमले में रेंजर देवेंद्र चौधरी का निधन हो गया था। बेढ़म ने कहा कि जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर से बातचीत कर आगामी कार्यवाही के लिए निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अपने घर के शांति ही दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवारजनों के साथ खड़े है। इसलिए उन्होंने जल संसाधन एवं जल संसाधन (आयोजना) विभाग मंत्री सुरेश सिंह रावत, वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह को देवेंद्र के पैतृक गांव जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कहा गया था। उन्होंने बताया कि रेंजर देवेंद्र एक होनहार कार्मिक थे और सेवा करते हुए बाघ के हमले में उन्हें अपनी जान गवानी पड़ी। पीड़ित परिवार के लिए जो भी सहायता संभव है वो वन विभाग के अधिकारियों द्वारा की जा रही है।



गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने देवेंद्र सिंह चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सार-समाचार

### विष्णु पुनः प्रदेश सचिव नियुक्त



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन जोन एक-डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ हेमंत शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री मुख्यालय कैलाश तिवाडी की अनुशंसा पर संगठन के जोनल प्रभारी भुवनेश्वर शर्मा चच्चू भैया के अनुमोदन पर समाजसेवी विष्णु गुरुजी को विप्र फाउण्डेशन जोन1डी, राजस्थान के प्रदेश सचिव पद पर मनोनित किया है। गुरुजी सामाजिक उत्थान, शिक्षा, संस्कार एवं अनुभव और मार्गदर्शन से जोन 1डी के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की आशा की जा रही है। गंगापुर सिटी ब्राह्मण समाज के समस्त प्रबुद्धजनों ने इस नियुक्ति को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए विष्णु गुरुजी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। इस दौरान लाइब्रेरी राष्ट्र ीय प्रभारी सियाराम शर्मा, जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाडी, देवेन्द्र पाठक, सुरेश चंद शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा, श्याम सेवा,बालकृष्ण शर्मा, गोपाल पार्थ, गोविन्द पाराशर, रमेश खादी, आरती भारद्वाज, सावित्री शर्मा, शारदा शर्मा आरती शर्मा, राधा दीक्षित, हनुमान द्विवेदी, अरविन्द दीक्षित, गोविंद पाराशर, राधारमण शर्मा, वी के शर्मा, गिरीश दीक्षित, रमन शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, डॉ.वेणुगोपाल मिश्रा, वीरू बजाज, अविनाश शर्मा, मनमोहन दुबे तथा शिवचरण शर्मा ने बधाई दी है।

### संत समागम का आयोजन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। संत निरंकारी मिशन द्वारा समर्पण दिवस के अवसर पर युक्त दृष्ट बाबा हरदेव सिंह महाराज की पुण्य स्मृति में एक भावनात्मक वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजापिता रमित के दिव्य सानिध्य में आयोजित इस समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन सहभागिता की। यहां गंगापुर सिटी के सिंधी कॉलोनी स्थित सत्संग हॉल में मुखी बहन पुष्पा रानी की अध्यक्षता में बाबा हरदेव सिंह द्वारा दी गई अमन और प्यार की सिखलाईयों को याद करते हुए समर्पण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु भाई बहनों को संबोधित करते हुए बहन पुष्पा ने कहा कि बाबा जी ने मानव को न केवल मानवता अमन प्यार जैसे दिव्य गुणों का संदेश दिया अपितु खुद अपने संपूर्ण जीवन काल में इन दैवीय गुणों को जी कर पूरी मानव जाति को मानवीयता का संदेश दिया ताकि वह न केवल अपना बल्कि पूरे समाज का भला कर इस धरती को सुंदर स्वर्ग जैसा बना सके। समर्पण दिवस के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने वर्चुअल सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित किया कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज का जीवन हर क्षण प्रेम त्याग सेवा और शिक्षाओं से परिपूर्ण था ऐसा ही भक्ति समर्पण वाला जीवन हम सभी का हो यह समर्पण केवल शब्दों तक सीमित ना रहे बल्कि जीवन के व्यवहार में भी उतारे। इस दौरान सैकडो भक्त मोजूद थे।

### कांग्रेसियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**करौली,** (निसं)। बुधवार को राजस्थान यूथ कांग्रेस के आव्हान पर करौली जिला मुख्यालयों पर यूथ कांठोस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के साथ तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली भारतीय सेना के सम्मान एवं देश के वीर शहीद जवानों को याद करते हुए उनके द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस को नमन करते हुए आयोजित की गई जो करौली जिला मुख्यालय पर यूथ कांग्रेस करौली के जिला अध्यक्ष खेमसिंह मीणा, उपाध्यक्ष देवेंद्र देवलेन,महासचिव रोहतास मीणा,जिला मीडिया प्रभारी अंकुर सिकरौदा, कांठोस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा,कांठोस पीसीसी सचिव भूपेंद्र भारद्वाज,कांठोस महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शरदों गुर्जर आदि के नेतृत्व में सर्किट हाउस करौली से कलेक्ट्री सर्किल होकर, कोर्ट परिसर के सामने से कलेक्ट्री परिसर तक भारत माता के जयकारो एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद,हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जो कि कलेक्ट्री परिसर में भारत माता के जयकारों एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया जिसमें कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी एपीओ

**करौली,** (निसं)। संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए करौली के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एपीओ दिया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त शासन सचिव प्रीति माथुर ने एक आदेश जारी कर करौली जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश मीणा को एपीओ कर मुख्यालय निदेशक जन स्वास्थ्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाए जयपुर किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खेडिया, पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली**

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 08.05.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-26**

ग्राम पंचायत खेडिया, पं. स. मासलपुर की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/ विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्धी करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबधित विस्तुत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत खेडिया — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खेडिया

**कार्यालय ग्राम पंचायत लेदौर कलां, पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली**

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 06.05.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-26**

ग्राम पंचायत लेदौर कलां, पं. स. मासलपुर की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/ विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्धी करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबधित विस्तुत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत लेदौर कलां — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लेदौर कलां

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरानी, पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली**

क्रमांक:-Spl-8 दिनांक: 08.05.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-26**

ग्राम पंचायत पिपरानी पं. स. मासलपुर की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/ विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्धी करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबधित विस्तुत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत पिपरानी — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पिपरानी

**कार्यालय पंचायत समिति श्री महावीरजी**

क्रमांक:-लेखा/पं.सं.श्रीमहा/2025-26/ दिनांक:

**खुली निविदा सूचना संख्या 01 से 04/2025-26**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्थानीय कार्यालय हेतु कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन), ड्राईवर, सहायक कर्मचारी, स्टैशनरी आपूर्ति एवं मुद्रण कार्य, टैण्ट व्यवस्था, अल्पहार एवं भोजन व्यवस्था, कार्य करवाने/सामाग्री उपलब्ध कराने हेतु विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदकों से निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं से संबंधित शर्तें, अनमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने, एवं खुलने की दिनांक आदि विस्तृत विवरण स्थानीय कार्यालय एवं बेबसाईट https://.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

UBN NO 1-ZKR2526SSOB00063
2- ZKR2526SSOB00064
3- ZKR2526SSOB00062
4- ZKR2526SSOB00060

प्रधान, पंचायत समिति श्री महावीरजी — विकास अधिकारी, पंचायत समिति श्री महावीरजी